| ब्र हुकम | हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज<br><br>**राजस्व आवेदन संख्या 141/2019 अनवान मूमन खां बनाम शंरलाल व अन्य** | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए |
|---|---|---|
| | राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवो के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से पक्षकारान राजीव गांधी सेवा केन्द्र मुरटाला गाला पर जरिये नोटिस तलब होकर पत्रावली दिनांक 30.10.2021 को राजीव गांधी सेवा केन्द्र मुरटाला गाला पर पेश हो।<br><br>(रोहित चौहान)<br>उपखण्ड अधिकारी, बाड़मेर | |
| 30.10.2021 | पत्रावली राजीव गांधी सेवा केन्द्र मुरटाला गाला में पेश हुई। प्रार्थीगण उपस्थित। प्रार्थी ने इस न्यायालय के समक्ष राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251 (ए) उप धारा 1 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर प्रार्थी के खेत मौजा सांसियों का तला पटवार हल्का महाबार के खसरा नंबर 804/642 रकबा 37.10 बीघा मे सुखाचार हेतु अप्रार्थीगण के खेत खसरा नं. 2462/523, 528 में से नया रास्ता खोलने एवं राजस्व अभिलेख में रास्ता अंकित किये जाने हेतु निवेदन किया। आवेदन पंजीयन कर उत्तरदातागण को सुनवाई हेतु नोटिस जारी किये गये।<br><br>प्रकरण मे प्रार्थी मूमन खां, नूरमोहम्मद द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि इस न्यायालय मे विचाराधीन आवेदन में आवेदित रास्ता जो कि उसने मांगा है मौके पर उबड-खाबड़ व धोरा होने से रास्ते के लिए उपर्युत नहीं है। प्रार्थीगण द्वारा पुनः संशोधित दावा पेश किया जावेगा। उक्त आवेदन विड्रा करने का निवेदन किया है।<br><br>अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र जरिये विड्रा खारिज किया जाता है। निर्णय मजमेआम में सुनाया गया। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो।<br><br>(रोहित चौहान)<br>उपखण्ड अधिकारी, बाड़मेर | |